# राज्यपाल ने किया दिव्य कला मेले का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

29 जून, 2023 को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने दिव्यांगजनों के उत्पादों की वृहद स्तर पर ब्रांडिंग कर उनके हुनर और शिल्प कौशल को प्रोत्साहन देने के लिये केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आयोजित दिव्य कला मेले का उद्घाटन किया।

## प्रमुख बिंदु

- राज्यपाल ने दिव्य कला मेले में कहा कि दिव्यांगजनों के हुनर और उनके कौशल को जनता तक पहुँचाने की दिशा में इस तरह के मेलों की बहुत सार्थकता है। इन आयोजनों से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास का सृजन होता है और उनके आर्थिक सशक्तीकरण को बल मिलता है।
- ये मेले दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिये ही नहीं, भारतीय कला और शिल्प के प्रसार की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण हैं। बाज़ारवाद और विज्ञापन के दौर में ऐसे मेले कला और संस्कृति से जुड़ी मन की अभिव्यक्ति को उत्पाद के रूप में सामने लाते हैं।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि देश में अलग- अलग राज्यों में दिव्य कला मेलों का आयोजन कर वहाँ के दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्पादों को मंच प्रदान किया जा रहा है।
- विदित है कि देश में 13 हज़ार शिविरों का आयोजन कर 25 लाख दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये गए हैं। समाज से इन आयोजनों को मिल रहे समर्थन से दिव्यांगजनों में नई आशा और स्वावलंबन की भावना का संचार हो रहा है।
- दिव्यांगजनों के कल्याण के लिये भारत सरकार ने विशेष पहल की है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके हुनर को निखारकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का कार्य किया जा रहा है।
- इस अवसर पर राज्यपाल ने दिव्यांग स्वावलंबन योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन को स्वरोज़गार शुरू करने के लिये रियायती ऋण की स्वीकृतियाँ, ट्राइसाइकिल, हियरिंग एड, वाकिंग स्टिक आदि सहायक उपकरण भी वितरित किये।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-governor-inaugurated-the-divya-kala-mela